CONSTITUTION AMENDMENT) BILL, 1995

SHRI SANJAY DALMIA (Uttar Pradesh): Sir, I beg to move for leve to introduce a Bill to amend the Constitution of India.

The question was put and th meotion was adopted. . . . . . .

SHRI SANJAY DALMIA: Sir, I introduce the Bill.

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

"नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

The question . . th meotion was adopted. . . . . . .

श्री कृष्ण लाल शर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

"विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

The question was put and the motion was adopted.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं।

THE GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI (AMENDMENT) BILL, 1993.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : (हिमाचलप्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :–

"राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली अधिनियम, 1991 का और संशोधन करने वाले पर विधेयक विचार किया जाए।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने इस विधेयक में जो मांग की है और जो बात विधेयक में भी स्पष्ट की है, वह यह है कि राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली शासन अधिनियम, 1991 की धारा 8 के बाद मैं तीन बातें और जोड़ना चाहता हूं :

(1) कि विधान सभा का अलग सचिवालय स्थापित होगा,

(2) कि विधान सभा अपने सचिवालय स्टाफ में नियुक्त किये गये व्यक्तियों की भर्ती सेवा शर्तों को विधि द्वारा विनियमित कर सकेगी, और

(3) कि जब तक विधान सभा द्वारा धारा–2 के अधीन उपबंध नहीं किया जाता तब तक उपराज्यपाल महोदय विधान सभा के अध्यक्ष के साथ परामर्श करके विधान सभा सचिवालय स्टाफ में नियुक्त किये गये व्यक्तियों की भर्ती और सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिये नियम बना सकेंगे और इस प्रकार बनाये गये कोई भी नियम उक्त उपधारा के अधीन बनाये गये किसी भी नियम के उपबंध के अध्यधीन प्रभावी होंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह मेरा प्रस्ताव है। अब दिल्ली के बारे में मुझे यह कहना है कि दिल्ली को एक नया नाम देकर विधान सभा भी दी गयी और एक राज्य का दर्जा भी दिया गया। जिस समय यह विधेयक पारित किया गया, उस समय सदन के अंदर गृह मंत्री महोदय ने यह बात अत्यन्त स्पष्ट कर दी थी कि पुलिस और डी०डी०ए० को छोड़कर

अर्थात लैंड और पुलिस इन दोनों मामलों को छोड़कर बाकी सब मामलों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का पूर्ण अधिकार होगा । वह उसमें काम करेंगे, लेकिन धीरे-धीरे इसमें दूसरी चीजें भी इस प्रकार आती गयीं कि अब लगता यह है कि केन्द्र सरकार के मन में कोई न कोई चीजें काम कर रही हैं कि दिल्ली को उसका पूरा अधिकार देने से सरकार कतरा रही है या डर रही है। अब दोनों में से कौन सी बात है मैं यह समझ नहीं पा रहा हू क्योंकि जितने अधिकार दिये गये, उसका आधार बालाकृष्णन कमेटी थी। मैं यह कहना चाहता हूं कि बालाकृष्णन कमेटी को अगर "इन लेटर एंड स्पिरिट" इंपलीमेंट किया जाता तो हमें उसमें कोई आपत्ति नहीं होती। लेकिन उस रिपोर्ट की भी सारी चीजों को एक तरफ करके, उसके बाद जो विधेयक बना और उसके बाद जो रूल्स बन गये उसमें भी काफी परिवर्तन करके दिल्ली के अधिकारों को कम करने की कोशिश की गई।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मतदाता तो यह देखता नहीं है कि एक्ट में क्या है लिखा है ? एक्ट में लिखा हैं कि यह चीज दिल्ली सरकार के अधीन नहीं है, मगर मतदाता ने तो दिल्ली सरकार को चुना है, वह तो दिल्ली सरकार को सब चीजों के लिए जिम्मेदार मानता है और हर बात के लिए उससे पूछता है कि यह क्यों नहीं हुआ, वह क्यों नहीं हुआ ? यह स्थिति है। यहां दिल्ली में केन्द्र सरकार है, यहां गृह मंत्री जी भी है और उनके अधिकार में जो कुछ चीजें हैं और धीरे-धीरे करके ऐसी बातें की जा रही हैं, जिससे लगता यह है कि दिल्ली को पूरे राज्य का दर्जा देने के बजाय दिल्ली को जो मट्रोपोलिटन-कांन्सिल को उस समय अधिकार थे, उन अधिकारों को भी दिल्ली असेम्बली से छीना जा रहा है, कम किया जा रहा है। जैसे उदाहरण के लिए मैं बताना चाहूगा कि जब मैट्रोपोलिटन कान्सिल थी यहां दिल्ली में, तो उस समय डी.डी.ए., दिल्ली डवलपमेंट अथोरिटी में पांच लोग ऐसे लिए जाते थे, जिनमें दो लोग तो मैट्रोपोलिटन कांन्सिल के इलेक्टेड लोग होते थे और तीन कारपोरेशन से जो इलक्टेड मैम्बर होते थे उनमें से लिए जाते थे। यह पांच मैम्बर उसमें लिए जाते थे। आजकल तो कारपोरेशन नहीं है। इसलिए होना यह चाहिए था, न्याय का तकाजा यह था, कि सरकार यह फैसला करती कि इलक्टेड फोरम से, इस समय दिल्ली की जो असेम्बली है, वहां से पांच लोग लिए जाते, लेकिन आज यह है कि डी.डी.ए. में एक भी व्यक्ति इलेक्टेड मैम्बर में से नहीं लिया गया है, न लिया जा रहा है। मंत्री महोदय ने कई पत्र लिखे हैं, कई बार गृहमंत्री महोदय से अनुरोध किया हैं, प्रधानमंत्री से मिले हैं, इस तरह की बातें की हैं, लेकिन फिर भी उसका कोई परिणाम नहीं निकल रहा है।

महोदय, इसी तरह नई दिल्ली म्युनिसपल कमेटी का है । यह तो एक स्वायत शासन का मामला है, यह तो लोकल बोडी है, लोकल सेल्फ गवर्नमेंट है। यह कोई ऐसी चीज नहीं थी, जिसके बारे में कहा गया था कि दिल्ली के अधिकार के बाहर होगी। अब इसके अंदर भी इस तरह की बातें की जा रही हैं कि नई दिल्ली म्युनिसिपल कमेटी के इलेक्शन हो ही नहीं रहे । इलेक्शन कराएं तो बड़ी अच्छी बात है। इलेक्शन होने चाहिए, लेकिन हो नहीं रहे । नोमीनेशन में चर्चा करने के बाद यह जो दिल्ली की सरकार है उससे बातचीत करने के बाद भी जिस प्रकार से प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए था वह नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में भी जो आर्डिनेंन्स है, जो इसके बारे में बिल है उसके अंदर भी और अंतर कर दिया गया है। उसमें पहले यह बात डाली गई थी कि जहां कहीं कोई ऐसी विचाराधीन बात होगी तो केंद्र और दिल्ली सरकार, दोनों से परामर्श करके निर्णय लिए जाएंगे। इसमें अमेंण्ड करके प्रदेश को निकाल दिया गया हैं । अगर डेपू में जनरल मैनेंजर के एपायंटमेंट का मामला है तो उसमें अनुमति नहीं मिलेंगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़ी बिचित्र बात यह है कि पुलिस का बजट तो दिल्ली सरकार वहन करेगी, सारा पुलिस का खर्चा दिल्ली सरकार उठाएगी, लेकिन पुलिस दिल्ली सरकार के अधीन नहीं होगी। इसमें भी मुझे खुशी होती, अगर ला एण्ड आडर के पाइंट आफ व्यू से केन्द्र सरकार की साख अच्छी होती, लोग कहते दिल्ली में ला एंड आर्डर

सिचुएशन बहुत अच्छी है, मगर यहां ला एण्ड आर्डर की सिचुएशन खराब है। मैं आपसे मांग करूंगा कि अच्छा यही होगा कि आप उस जिम्मेदारी से अपने आपको मुक्त करें और प्रदेश को यह जिम्मेदारी दे दें। आज हालत यह है कि दिल्ली में ला एण्ड आर्डर का दिवाला निकल रहा है। रोज हत्याएं हो रही हैं, रोज इतनी घटनाएं हो रही हैं, अपहरण हो रहे हैं, बलात्कार हो रहे हैं और यहां कोई पूछने वाला ही नहीं है। इस समय अगर हम थोड़ा सा और गंभीरता से इसके बारे में सोचें तो पता लगता है कि ये चीजें अब दिल्ली में रोष का वातावरण बना रही हैं, अगर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस बात पर गंभीरता से विचार नहीं होगा कि दिल्ली को पूरे राज्य का दर्जा देना चाहिए। मैं तो यह कहूंगा कि पुलिस भी, डी.डी.ए. भी पूरी तरह से उनको दे देना चाहिए। क्यों दे देना चाहिए, कारण भी मैं बताना चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस समय हमारे देश में बहुत छोटी-छोटी इकाइयां बनी हुई हैं, प्रदेश की सरकारें हैं। मैं थोड़ा अगर उल्लेख करना चाहूं तो नागालैंड में, प्रदेश में पूरा उनका अधिकार है—कानून बनाना, सब कुछ करना—और कोई चीज ऐसी नहीं है जो केन्द्र के अधीन हो और नागालैंड एक ऐसा प्रदेश है, जिसकी कुल जनसंख्या 10,30,000 है। मणिपुर, जिसकी जनसंख्या 18,37,000 है, त्रिपुरा जिसकी जनसंख्या 27,57,000 है, सिक्किम जिसकी जनसंख्या 4,06,000 है और इसके बाद मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश गोवा जिनकी थोड़ी-थोड़ी जनसंख्या है, उनको भी राज्य का पूरा पूरा दर्जा दिया हुआ है और उनको सारे, कानून बनाने के और सब अधिकार दिए हुए हैं और इसके बारे में कोई अंकुश केन्द्र का नहीं है। मैं तो यह सोचता हूं कि यह जो 7 प्रदेश है, जो मैंने छोटे-छोटे गिनाए हैं, उनकी जनसंख्या का टोटल भी कर लीजिए तो दिल्ली की जनसंख्या उनसे ज्यादा है। दिल्ली में इस समय 70 विधान सभा के सदस्य हैं और इस समय दिल्ली में जो कोई भी कार्यक्रम दिल्ली की सरकार हाथ में लेती है, केन्द्र का उसमें अंकुश लग जाता है, उसमें कठिनाइयां पैदा की जाती हैं। पानी का सवाल आता है, बिजली का सवाल आता है, उंगलियां उठती हैं दिल्ली सरकार पर लेकिन उसके पीछे तार हिलाने वाले कुछ और लोग रहते हैं। मैं समझता हूं कि केन्द्र सरकार के हित में भी यह है कि वह सारे अधिकार दिल्ली की सरकार को दे, पूरे प्रदेश का दर्जा दे और जो दर्जा दिया है, उसमें वे कटौती न करें और उनको काम करने का मौका दें।

मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मेरी पार्टी की और भी जिन प्रदेशों में सरकार है, उन्होंने लॉ एंड आर्डर का उदाहरण पैश किया है। शायद ही किसी और जगह ऐसा उदाहरण मिला हो। हमारे देश के एक मुख्य मंत्री के बेटे का अपहरण राजस्थान में हुआ था। एक हफ्ते के अंदर अपहरणकर्ताओं को आइडेंटिफाई किया गया, एक आदमी एन-काउंटर में मारा गया और जिनके बेटे का अपहरण किया गया था, उनके लड़के को ढूंढकर और लाकर उनके सामने खड़ा कर दिया गया। मैं समझता हूं कि इसी तरह के मैं और भी उदाहरण बता सकता हूं, जिनसे आपको मालूम ही जाएगा कि लॉ एण्ड आर्डर की स्थिति में कोई कमी नहीं रही है। यह जो हम समझते हैं कि दिल्ली में एक विशेष परिस्थिति है—यहां पार्लियामेंट है, यहां केन्द्रीय मंत्री हैं—ठीक है, वैसे तो अगर दिल्ली को जोड़ा जाए तो फरीदाबाद, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, नोएडा, ये सब दिल्ली के हिस्से हो गए हैं, ये दिल्ली के साथ मिलते हैं, ये सब अपने-अपने प्रदेशों के अधीन हैं, इनका लॉ एंड आर्डर केन्द्र के अधीन नहीं है।

इसलिए मुझे यह कहना है कि इस पर एक बार फिर से केन्द्रीय सरकार पुनर्विचार करे क्योंकि आधी-अधूरी, लूली-लंगड़ी असेम्बली जनता के प्रति अपना उत्तरदायित्व नहीं निभा सकती। इससे हमेशा वायु-मंडल इस असेम्बली का और केन्द्र के संघर्ष का बना रहेगा और इसमें रोज संघर्ष होते रहेंगे और मैं समझता हूं कि यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिए इसके अंदर हमें शीघ्र परिवर्तन करना चाहिए और इस परिवर्तन के साथ हमें दिल्ली को एक उचित स्थान देना चाहिए। दिल्ली हमारे पूरे देश की राजधानी है, इसकी इतनी बड़ी जनसंख्या है, यहां बहुत अच्छे लोग हैं, यहां पर सारी चीजों के होते हुए भी हम इसमें अधूरापन रख रहे हैं, यह बात उचित नहीं है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने यह जो विधेयक प्रस्तुत किया है उसका एक विशेष कारण है। और वह कारण यह है कि इस समय अलग असेंबली बनने के बावजूद यहां असेंबली का स्वतंत्र और पृथक सचिवालय नहीं है। स्थिति यह है कि आज सचिवालय का सचिव भी नहीं है। There is no Secretary for tht Legislative Assembly.

वहां पर जो भी कर्मचारी हैं उनकी स्थिति भी बड़ी विचित्र है। जो कर्मचारी विधान सभा में हैं, वे कर्मचारी कहां से हैं? उन कर्मचारियों की अजीब स्थिति है। उनमें से कुछ कर्मचारी तो इण्डस्ट्री डिपार्टमेंट से हैं, कुछ डवलपमेंट डिपार्टमेंट से हैं, कुछ सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट से हैं, कुछ कोआपरेटिव डिपार्टमेंट से हैं और कुछ एजुकेशन डिपार्टमेंट के हैं और यह विभिन्न विभागों के जितने कर्मचारी सचिवालय में काम कर रहे हैं, तो इन पर नियंत्रण और इनके बारे में अगर कोई अनुशासन की कार्रवाई करनी हो तो वह जो उनके अपने-अपने विभाग हैं, वही करेंगे। यह सचिवालय उनके खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं कर सकता। मानों, इनमें से अगर कोई अबडेलेंट करता है तो या कोई काम नहीं करता है, तो उन पर नियंत्रण न विधान सभा के अध्यक्ष का है और न सचिवालय का है। सभी कर्मचारी अपने-अपने विभाग के अंतर्गत हैं और वे उन्हीं से सेलेरी ड्रा करते हैं। यह तो है ही कि जिनी तनख्वाह पाएंगे उसी के अधीन चलेंगे। तो इस तरह से विधान सभा का काम कैसे चलेगा? यह भी एक विचित्र स्थिति बन गई है। इस समय विधान सभा के जो स्पीकर हैं उनको यह भी अधिकार नहीं है कि अगर वह कोई रिटिंग करवाना चाहें तो वह अपने आर्डर से नहीं करवा सकते और ऐसे डिसीजन लेना चाहें तो वह ले नहीं सकते।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान के आर्टिकल 187 में इस बात को स्पष्ट किया गया है कि दिल्ली के बारे में जो बातें की जा रही हैं वह उस आर्टिकल 187 के बिल्कुल विपरीत है। आर्टिकल 187 को उस समय कोट भी किया गया था और 1948 में जब लोकसभा स्पीकर श्री मावलंकर जी थे, उन्होंने इसको कोट किया था। मैं इसको यहां कोट कर रहा हूं। उसमें उन्होंने कहा था :

"Every officer, subordinate or otherwise, serving in the Secretariat of Legislature must be in a position to carry out his duties without fear and favour of the executive Government and obviously this cannot be done if persons in the employment of the Legislature Secretariat have to look upon such bodies as Selection Board consisting of the officers and nominees of the executive Government for their chances and career in the Secretariat of the Legislature. Even in the old regime when the executive Government was not responsible to the Legislature, it was a well established convention that the presiding authority, the speaker was the sole judge and controller in respect of appointments, promotions and other things in the Legislative Assembly Department."

लेकिन आज दिल्ली में इसमें से कोई भी अधिकार दिल्ली असेंबली को नहीं हैं। यहां तक कि वहां जो वाच एंड वार्ड हैं जैसे हमारे पार्लियामेंट में हैं, उसकी ड्यूटी भी दिल्ली पुलिस के लोग पूरी कर रहे हैं। इसकी कोई भी डिबेट तब तक प्रिंट नहीं हो सकती जब तक उसकी सैंक्शन फाइनेंस नहीं देता। इस तरह से एक लेजिस्लेचर विंग को, सैक्रेटरिएट को ऐसा पंगु बना कर रख दिया है कि जिसका कोई जस्टिफिकेशन नहीं है कि इस तरह से क्यों डिसीजन लिया गया है और इस समय कितने भी मैंने उदाहरण दिए हैं, इसमें और सारे देश में जितने भी लेजिस्लचर्स हैं, इसमें दो ऐक्सेप्शन्स हैं, वन इज दिल्ली, अदर इज यूनियन टेरिटरी ऑफ पांडिचेरी जहां पर इंडिपेंडेंट सैक्रेटरिएट लेजिस्लेचर का नहीं है। अब दिल्ली के लिए तो हम कह सकते हैं, पांडिचेरी तो हम कह सकते हैं कि यूनियन टैरिटरी है और दिल्ली तो फुल-फ्लैज स्टेट है और नेशनल कैपिटल टेरिटरी इसको कहा गया है और फुल-फ्लैज स्टेट का स्टेटस देने के बाद भी अभी तक इसको इंडिपेंडेंट सेक्रेटरिएट का प्रोविजन नहीं दिया गया है। ऐसा लगता है कि सरकार एक हाथ से कुछ अधिकार देती है और दूसरे हाथ से उसको वापस ले लेती है। वह शायद इस बात से प्रसन्न नहीं है कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार बन गई है जो केन्द्र में बैठी हुई, सत्ता में जो पार्टी है, उससे भिन्न है।

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): Mr. Krishan Lal Sharma, can you tell us whether we can do this under the Constitution?

श्री कृष्णलाल शर्मा : लेकिन मुझे यह कहना है कि हमें इस चीज को ऐप्रिशिएट करना चाहिए कि पार्लियामेंट के बारे में जो कुछ आर्टिकल 8 में प्रोविजन दिए गए हैं, वे सब इंप्लिमेंट हुए, 187 आर्टिकल के अंदर जो प्रोविजन स्टेट लेजिस्लेचर्स के लिए किए गए हैं, वे सब जगह इंप्लिमेंट हुए हैं सिवाय दिल्ली के और पांडिचेरी के। पांडिचेरी को मैं एक बार सोच सकता हूं कि वह फुल-फ्लैज स्टेट नहीं है, यूनियन टेरिटरी है। मैं तो इस पक्ष में हूं कि पांडिचेरी को भी जहां हमने if it is a Union Territory with a Legislature, then I will plead

कि उनको भी इंडिपेंडेंट सेक्रेटरिएट लेजिस्लेचर के लिए दिया जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : क्षमा करें शर्मा जी। There is a Constitutional provision with regard to State legislatures. Article 187 says:

"(1) The House or each House of the Legislature of a State shall have a separate secretarial staff:"

I shall not read the proviso.

"(2) The Legislature of a State may by law regulate the recruitment and the conditions of service of persons appointed to the secretarial staff of the House or Houses of the Ltgislature of the State.

(3) Until provision is made by the Legislature of the State under clause (2), the Governor may, after consultation with the Speaker of the Legislative Assembly or the Chairman of the Legislative Council, as the case may be, make rules regulating the recruitment, and the conditions of service of persons appointed to the secretarial staff of the Assembly or the Council, and any rules so made shall have effect subject to the provisions of any law made under the said clause.'

So the State Assembly. .(*Interruptions*)..

SHRI JAGESH DESAI: From the second part, it is clear that they have a right. Why have they not enacted the law? . (*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): That is what I am saying. I am drawing his attention to this provision in the Constitution. The Legislatures of a State may by law regulate the recruitment and service conditions of its employees. So, let the State Assembly pass a law.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): Even if we accept it for argument's sake, it will not stand the test of law. It may become Constitutionally invalid.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: My amendment also consists of all the three things that you have read just now. This is exactly the amendment that I am moving. All the employees that I have mentioned, come from various departments. But I do not find any objection being raised by the Government. Even a Secretary is not being provided. Why is it that these kind of lapses are there? I want an independent Secretariat for the Legislature, This has been provided for under article 187 of the Constitution which our Vice-Chairman has rightly read out and to which he has drawn the attention of the House. Aricle 187 makes it mandatory.

इस तरह से सब के सामने यह प्रोविजन रखा गया है जिसके कारण इस को हर स्टेट पर असेंबली पर लागू किया जाना है। Why is it that the Delhi Assmebly is being governed under some arbitrary rule?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Your argument will have more validity when the State Government passes a law. (*Interruption*)

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Article 187 of the Constitution is applicable to States. Delhi is a Union Territory. This is an amendment to article 239A) (a) of the Constitution. The inherent power of Section 187 is not applicable to the Delhi Assembly. Then, how can you argue the case?

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: That is right. I am saying that if this Bill is adopted here, then the problem will be solved... (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Ravi, according to your interpretation, does the Kerala Assembly have no power under the Constitution to pass a law?

SHRI VAYALAR RAVI: The Kerala Assembly has an inehrent power under article 187 because it is applicable to Kerala, it being a State. This article is not applicable to Delhi. That is why the hon. Member is moving an amendment to the National Capital Territory of Act. He himself is admitting that it is not applicable.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): It is not necessary that the hon. Member should have read the provisions of the Constitution when he drafted the Bill. He only draws the attention of the House to a particular lacuna. That is all. But, according to me, the Delhi Assembly is not competent to pass the law... (*Interruptions*).

SHRI VAYALAR RAVI: If Delhi or Pondicherry can be elevated to the status of Kerala, then this problem is solved. But Delhi is a Union Territory. That is the basic difference.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Which article were you referring to?

SHRI VAYALAR RAVI: Article 239 (A) (a). He is making an amendment in the Bill.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं थोड़ा सा यहां कोट करना चाहता हूं । यह एक बड़ी विचित्र बात है कि जो ऐक्ट पास हुआ है; it says:

> "The Assembly has not been mentioned as a separate Department of the Delhi Government under the allocation of business rules framed under the National Capital Territory of Delhi Act."

This is the lacuna. After the Bill was passed and while the rules were framed, the Delhi Assembly was not mentioned as a separate Department. This is the lacuna which is creating problems. So, I am saying that.

इसमें कोई पोस्ट असैंबली सेक्रेटरी की नहीं रखी गयी है । आखिर रूल्स फ्रेम करते हुए, ऐक्ट के बाद जो रूल्स बनते हैं, उसमें यह स्पेसिफाई होना चाहिए कि ये सब चीजे प्रोवाइड की जा रही हैं। सेक्रेटरी की पोजीशन, प्रेजेंट जो सेक्रेटरी है उसकी जो पोजिशन है, उसके बारे में कोई बात नहीं कही गयी है और इसके कारण से जो समस्यायें पैदा हो रही हैं उसका संबंध सीधा ऐक्ट के बाद फ्रेम किए गए रूल्स के साथ है । जब तक इसमें अनोमलीज दूरी नहीं की जाती तब तक दिल्ली गवर्नमेंट के लिए या दिल्ली असेंम्बली के लिए कोई ऐसी चीज क्रियेट करना, पास करना, उनके लिए एक नयी समस्या पैदा करेगा । मुझे यह कहना है कि दिल्ली सरकार यह देखे कि क्या यह बात सच है कि इस ऐक्ट के पास होने के बाद जो रुल्स फ्रेम किए गए हैं वह असेंम्बली की इंडिपिडेंस के लिए ठीक हैं या नहीं है । यदि यह ठीक नहीं है तो इसके बारे में सरकार को क्लेरिफिकेशन देना चाहिए कि ऐसे रूल्स क्यों बनाए गए हैं और जो असेंम्बली का सेक्रेटरी है वह स्टेट्च्युरी पोजीशन के नाते रूल्स में स्पेसिफाई किया गया है ? अगर नहीं किया गया है तो गवर्नमेंट इसको एक्सप्लेन करे और इसके बारे में बताए कि ऐसा क्यों किया गया है ?

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): I would like to refer to the provision relating to the so-called Delhi Assembly Act which has been passed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): That is what I want to know.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: According to the Constitution (Sixty Ninth Amendment) Act, the Union Territory of Delhi shall be called the National Capital Territory of Delhi. It does not say that it is an Assembly. Therefore, the provision which you are referring to does not apply to it. That is why my friend is moving an amendment. It is known as the National Capital Territory of Delhi and not as an Assembly. Article 239A says that the Parliament may by law create a body whether elected or partly nominated and partly elected, to function as a Legislature for the Union Territory. That is why there is a deficiency.

VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): But it is known as the Delhi Assembly.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: In the popular sense, it is known as the Assembly. But the law refers to it as the National Capital Territory of Delhi. This is the law.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): But the Act contains provisions for Assembly.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: The so-called National Capital Territory Region of Delhi does not have an Assembly. It is only the National Capital Territory of Delhi. It does not have a [illegible]ure. That is the difficulty.

SHRI VAYALAR RAVI: Sir, what is the matter?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): According to Shri J. P. Mathur, the National Capital Territory of Delhi does not have an independent status. It is only a Union Territory.

SHRI VAYALAR RAVI: Yes, that is the point.

श्री दयाल शर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, जितनी बातें मैंने कही हैं, उनसे यह स्पष्ट होता है कि अभी तक दिल्ली का स्टेटस क्या है, इसके बारे में क्लेरिटी नहीं है, न एक्ट में है और बाद में जो रूल्ज फ्रेम किये गये हैं, उनमें है। इसलिए शायद इनके पास एम्पल स्कोप है सेंट्रल गवर्नमेंट के पास एक के बाद एक इनकोचमेंट करते हुए दिल्ली स्टेट की जो पावर्स हैं, हर जगह पर चाहे वह असेम्बली हो, चाहे एडमिनिस्ट्रेशन है, चाहे वेरीयस डिपार्टमेंट्स हैं उनके अन्दर वह चीजें की जा रही हैं। इसके अलावा मुझे यह कहना है कि जब एक्ट बनता है और जब रूल्ज बनते हैं जब तक उनमें अनोमलीज़ को दूर नहीं किया जाएगा, कोई भी अनोमली ऐसी नहीं रहेगी जिसका मिसइंटरप्रिटेशन किया जा सके या मिसयूज़ किया जा सके तब तक इस स्थिति में सुधार नहीं हो सकता है। इसलिए मैंने जब अपनी बात शुरु की थी तब यह कहा था। एक तो इन्होंने रिलक्टेंट माइंड से क्योंकि पब्लिक प्रेशर था इसलिए सरकार ने इसके बारे में सोचा नहीं दिल्ली को स्टेटस तो दिया लेकिन स्टेटस पूरा नहीं दिया। इसलिए मैं यह कह रहा हूं कि एक तो दिल्ली को फुल पावर स्टेटहुड मिलना चाहिये। उसका जब फॉलो-अप होगा तो असेम्बली को स्टेटस मिलेगा, उसका जो फॉलो-अप होगा तो असेम्बली को एक इंडीपेंडेंट सेक्रेटेरियेट मिलेगा। मैंने यह बात आपके सामने इसलिए उठाई कि जब मैंने आपको रूल्ज कोट करते हुए यह कहा कि रूल्ज के अन्दर अगर असेम्बली को एक इंडीपेंडेंट बॉडी मानते ही नहीं हैं तो फिर असेम्बली का एग्जिस्टेंस जो है, उसका महत्व नहीं रह जाता है और उसकी सारी जो प्रोब्लम्स हैं, उसमें से क्रियेट होती हैं। इसीलिए मैंने यह भी कहा कि इसी कारण से असेम्बली के सेक्रेटरी को भी एक स्टेटयुटेरी स्टेटस जो कि आपकी सब लेजिस्लेचर्स में है, पार्लियामेंट में है, सब जगह है, दिल्ली की असेम्बली का जो सेट-अप करने का एक्ट है उसको उस प्रकार से नहीं दिया गया है। इसलिए मैंने यह अमेंडमेंट मूव की क्योंकि अगर इन अमेंडमेंटस पर चर्चा शुरु होगी तो लाजिकल कंक्लूजन इसका यही होगा कि वे अमेंडमेंटस स्वीकार करते हुए सरकार

इस लॉजिकल कक्लूजन पर पहुंचेगी कि दिल्ली स्टेट को पूरी स्टेटहुड देनी चाहिए । उसके बाद दिल्ली असेम्बली को उसका पूरा स्टेटस मिलना चाहिए, ला बनाने और बाकी सारी बातें करने का। उसके साथ फिर दिल्ली को और असेम्बली को एक इंडिपेंडेंट सेक्रेटेरिएट प्रोवाइड होगा, फिर जैसे उपसभाध्यक्ष जी आप भी कह रहे हैं कि दिल्ली असेम्बली भी अपने लॉज एडाप्ट करेगी जो उसके लिए आवश्यक हैं। सुविधाएं आदि सब बातें अपने सेक्रेटेरिएट के लिए कर सकती है । इसलिए मैंने कहा कि मेरी समझ में यह नहीं आता कि छोटे छोटे प्रदेशों के प्रति तो सरकार बड़ी उदार है, उनको पूरा दर्जा दिया है, उनका क्या बड़ा हित लगता है यह मैं समझ नहीं पा रहा हू---इतनी छोटी छोटी आबादी वाले इतने छोटे छोटे स्टेट हैं जबकि दिल्ली इतनी बड़ी आबादी वाला है जहां कि इतने इलाइटन्ड लोग हैं, सबसे ज्यादा यहीं पर हैं । दिल्ली भारत का कैपिल माना जाता है । इसको हम क्रिपल करके रख देते हैं । क्रिपल्ड स्टेट बना दी है, असेम्बली को पूरी पावर्स नहीं दी हैं और इंडिपेंडेंट सचिवालय नहीं दिया है । हर स्टेट को भी हम लोगों को रिकग्नाइज करना चाहिए । इसको भी नहीं करेंगे तो मैं समझता हूं कि यह लोकतंत्र का भी अपमान है, लोकतंत्र की अवमानना है । इसके बारे में पूरे अधिकार उनको मिलने चाहिए ।

मैं इसके बारे में अधिक आग्रहपूर्वक आपसे यह निवेदन करना चाहता हू और सदन से भी यह कहना चाहता हू कि जब सारे देश में इस तरह की व्यवस्था दी गयी है तो यहां क्यों नहीं हैं । असेम्बली के बारे में जैसे मेरे मित्र और श्री माथुर जी ने भी इसको पाइंट आउट किया कि जब तक उस ऐक्ट में फिर रूल्स में दोनों बातें क्लियरली मेंशन नहीं होंगी तब तक जितने भी उपाय किए जाएंगे दिल्ली स्टेट के द्वारा वे एक तरह से रिडन्डेंट हो जाएंगे। सरकार उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं देगी । यही कारण है कि सरकार ने ऐसा एक्ट बनाया है और जैसे कहीं बीच में प्राविजन्स थे, यहां तक के प्राविजन्स थे कि कुछ बातों के बारे में सेंटर और स्टेट दोनों का कंसलटेशन होगा वह भी अमेंडमेंट के बाद स्टेट का उसमें से प्राविजन और कन्सलटेशन हटा दिया गया है, केवल सेंटर का कंसलटेशन उसमें रखा गया है। इसलिए उपसभाध्यक्ष जी, मेरा यह कहना है कि आज जो स्थिति दिल्ली की है उसमें डेसू की समस्या, एन0डी0एम0सी0 की समस्या है, डी0टी0सी0 की समस्या है, इसके साथ डी0डी0ए0 की है । इन सब पर चुने हुए जो नुमाइंदे हैं जो इलेक्टेड रिप्रेजेंटेटिव्स हैं वे न इस पर कोई डिसिशन ले सकते हैं न उनको कोई इसमें रिप्रेजेंटेशन मिल सकता हैं । यह तो एक ऐसी चीज हैं कि जो इतने महत्वपूर्ण विभाग हैं यहां पर इलेक्टेड रिप्रेजेंटिव्स नहीं रहेंगे बल्कि ये नामीनेटेड रिप्रेजेंटिव्स के आधार पर सारे डिपार्टमेंट चलाए जाएंगे तो फिर असेम्बली का महत्व क्या रहेगा । दिल्ली स्टेट का दिल्ली गवर्नमेंट का महत्व क्या रहेगा ।

मैं इस बात के लिए दिल्ली के मुख्य मंत्री को बधाई देना चाहूंगा कि इतने कम अधिकारों के बावजूद भी, इतनी समस्याओं के बावजूद, केन्द्र के पक्षपातपूर्ण रवैये के बावजूद भी वे जनता की सेवा में लोगों की सेवा में लोगों के काम में पूरी गति से आगे बढ़ रहे हैं, काम कर रहे हैं और लोगों के अंदर अब यह धारणा पैदा हुई हैं कि अब इस सरकार को और दिल्ली को पूरी स्टेटहुड का दर्जा देना चाहिए । मैंने यह विधेयक पेश किया हैं । मैं समझता हू कि सदन इस पर गम्भीरता से विचार करेगा और सर्वसम्मति से इस विधेयक को पारित करेगा । इन्हीं शब्दों के साथ मैंने यह बात सारे सदन के सामने उपसभाध्यक्ष जी आपके माध्यम से रखी है । मैं आशा करता हूं कि इसको सब लोग स्वीकार करेंगे । धन्यवाद

.. *The question was proposed.* ..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): The motion for consideration of the Bill has been moved

by Shri Krishan Lal Sharma. Any Member desiring to speak may now speak.

SHRI JAGESH DESAI: Sir, I am on a pint of order. Can we discuss this type of a Bill hare in this House? We have to amend the Constitution to do what he wants. So, it will be of no use to discuss this Bill at all. It is wrong.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: I have not moved to amend the Constitution.

SHRI JAGESH DESAI: But that is the only way to do it.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Not, not the Constitution. The Act is before us. The rules are before us. Let us study whether we can remove these anomalies through amending the rules or the Act itself.

SHRI JAGESH DESAI: Sir, Delhi is not a full-fledged State, as has been pointed out by Mr. Sharma. As such, I feel that before we discuss this Bill in this form. we have to amend the Constitution and bring it within the purview of the Constitution that even a Union Territory also should be one of the subjects which could be...

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: I think the Bill moved by me does not require any Constitutional amendment. I have moved the Bill.

SHRI JAGESH DESAI: I feel that the right can be given only by amending the Constitution: otherwise, it can't be done. Sir, I would like to have your ruling whether we can discuss this Bill in this form or not.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Jagesh Desai, Article 239A provides for creation of local Legislatures or Council of Ministers or both for certain Union Territories. Parliament may by law create for any of the Union Territories... (*Interruptions*). ...Now it has been deleted, Pondicherry—a body, whether elected or partly nominated and partly elected, to function as a Legislature for the Union Territory, or a Council of Ministers or both with such constitution, powers and functions, in each case, as may be specified in the law

Under the provisions of Article 239A, this House or the Houses passed the particular Government of National Capital Territory of Delhi Bill Naturally, now he is moving an amendment to that particular Bill which has been passed. He is not proposing any amendment to the Constitution within Article 239A because Article 239A authorises Parliament to pass a law with such constitution, powers and functions as may be specified in the law. He says that the particular law which created the Delhi Capital Region should be amended so as to remove all these deficiencies. That is what his point is. So, your point of order is not in order.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Sir, may I point out a lacuna? The Act which has created the so-called National Capital Territory of Delhi says under Article 239A Section II that there shall be a Legislative Assembly for the National Capital Territory and the seats in such Assembly shall be filled by Members chosen by direct election etc., etc. Here the word "Assembly" has been used which has been

stated as 'Territory' in the nomenclature of the original Act? This is a lacuna under this Act itself. Why do you indirectly say that it is an elected Assembly when in the title it says only the National Capital Territory? That is the confusion in the law itself under which the so-called Assembly of the National Capital Territory has been created. So, this lacuna has got to be rectified by the Government itself. I hope my friend's Bill may or may not be accepted, but it becomes incumbent on the Government to clarify the position and if they keep an Assembly, then automatically, the Delhi Legislature will have its own secretariat. That is the biggest lacuna in the Act itself. I think that this could have been pointed out by the hon. Home Minister when the Bill was drafted. So, we should continue the discussion on the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Narayanasamy.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the Private Member's Bill moved by Shri Krishan Lal Sharma regarding the Government of National Capital Territory of Delhi Bill, 1993 Sir, at the outset, I would like to submit, with great respect to your ruling on the subject that has been raised by Shri Jagesh Desaiji, that the provision relating to services is no directly under the control of the Union Territories. As far as the States are concerned, they have their own Public Service Commissions they have their own judiciary and they have got all the infrastructure. As far as the Union Territories are concerned, they do not have Service Commissions and State Service Commission are not allowed for the purpose of recruiting the employees. It is the various departments themselves who have to recruit their own employees. Therefore, to my mind this Bill is not in the true spirit of the Constitution.

I now come to the general subject. Shri K. L. Sharma has given a wide spectrum of the concept of the Union Territories. I am in agreement with Sharmaji that the theory of having a State and a Union Territory should be removed. State is a State whether big or small. We had a bitter expeperience in 1963. After the agreement was signed between the Government of India, under the Prime Ministership of Pandit Nehru, and the then French Government, our territory was also declared as the Union Territory of Pondicherry. We are governed by the Union Territory Act, 1963.

Sir, Pondicherry is one Union Territory which has the oldest Legislative Assembly right from 1963 to till date. Other Union Territories are the Andaman and Nicobar Islands the hon. Minister is coming from Lakshadweep which is also a Union Territory Chandigarh, Dadra and Nagar Haveli and Delhi.

Our experience for the last 32 years has been that the Union Territories Act which is in force, that the wider powers to the Lt. Governor. For all purposes the Lt. Governor is the administrator. The peculiar situation under which the Legislative Assembly has to function is that there is an elected Government, there a Council of Ministers and the elected representatives. But, the decision taken by the Cabinet can be reversed by the Lt. Governor as the Administrator! Therefore, it is a nebulous situation in which the will of the public, the legislators, the elected Government, cannot be executed for the purposes of giving benefits to the people who have given them the mandate to come to power. This we have been experiencing for the last several years. I have been making fervent appeals in this House right from 1985, the hon. Minister also knows it pretty well, that Pondicherry should be given Statehood. When I

raised this issue in 1985, our leader Shri Rajiv Gandhi was the Prime Minister of this country. We had been informed that population was the criterion for this. Sir, small States like Goa, Mizoram, Manipur, Arunachal Pradmsh were all Union Territories. They have been given the Statehood. I have no grudge against them. As I initially stated, powers should be vested in the elected representatives and they should administer the State. They get name, fame or accusations, all should be on them because of the governance. Ultimately, what happens? Now, the Home Ministry is the nodal Ministry as far as the Union Territories are concerned.

